तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024

13 उन्न्यन हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षकों की कमी



14 सशिमं में मना प्रवेशोत्सव





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
नोट - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अंतिम तिथि - 29/06/24

# जर्जर स्कूल भवन में ग्रामीणों ने लगाया ताला, भाजपा-कांग्रेस में ठनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

नगर पंचायत टुण्डरा के बहुचर्चित जर्जर हाईस्कूल जिसे शासन द्वारा कंडम घोषित किया जा चुका है। शाला प्रवेश उत्सव के दिन मुख्य गेट में ताला बंदी पूर्व घोषित सूचना के अनुरूप नगर अध्यक्ष मोती साहू एवं नगर के प्रबुद्धजनों द्वारा की गई। अनुविभागीय अधिकारी गिरौदपुरी रामरतन दुबे, नायब तहसीलदार कुर्रे द्वारा मौके पर पहुंचकर ताला खोलने का अनुरोध किया एवं 15 दिन के भीतर पुराने भवन को तोड़ने की कार्रवाई कर टेंडर की गतिविधि को शीघ्र आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। तब कहीं सहमति बन पाई एवं प्रवेश उत्सव के लिये ताला खोला गया।

मौके पर दिनेश देवांगन, रविशंकर बंजारे,युवल साहू,खेमचंद रात्रे , सतीश साहू,पी के घृतलहरे ,लतिश साहू,घनश्याम बारले, दिल साहू, रमाकांत साहू सहित नगरवासी भारी संख्या में शामिल हुए। प्राचार्य आरके बंजारे ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई पानी गिरते रहने में नहीं हो पाती, सूखे रहने पर बरामदे में, अतिरिक्त कक्ष में, पेड़ के नीचे वैकल्पिक व्यवस्था अनुसार अध्यापन कराया जा रहा है। ताला खोले जाने के बाद शाला प्रवेश कार्यक्रम कराया गया है। नगर के अन्य सभी शासकीय स्कूलों एवं निजी शालाओं में विधिवत प्रवेश उत्सव मनाया गया।

## एसडीएम के आश्वासन बाद प्रवेशोत्सव मनाने खोला गया



### नये भवन निर्माण के लिए स्वीकृत हो चुकी है राशि

ताला बंदी के कारण कांग्रेस एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच लम्बे समय तक नोक झोंक होते रही। एक करोड़ बीस लाख की वित्तीय स्वीकृति नवीन निर्माण के लिए एवं 5 लाख रुपये डिसमेंटल के लिये पूर्ववर्ती शासन काल में स्वीकृत हो चुका था, चूंकि अब सरकार बदल गई है। अब भाजपा शासन के बेनर तले नये सिरे से कार्रवाई होने से टेंडर में विलम्ब हो रहा है। यही विवाद का विषय बना हुआ है। अब देखना होगा कि एसडीएम का आश्वासन समयबद्ध कितना कारगर साबित होता है।

## खबर संक्षेप

### बरगांव में अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरगांव में एक आरोपी से करीब 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बरगद पेड़ के पास मेन रोड बरगांव में अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा है। किशोर कुमार पिता वासुदेव कुमार (37) बरगांव का निवासी बताया गया है। पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति से तलाशी लेने पर एक सफेद रंग की पांच लीटर वाली प्लास्टिक जरकीन में भरा हुआ करीबन 4 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए रखा मिला, जिसे जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

**महासमुंद।** पटेवा थाने में एक महिला ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने वाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। घटना 26 जून 2024 रात करीब 10:40 बजे की है। आरोपी द्वारा जब महिला के मोबाइल पर अश्लील फोटो भेजकर वायरल करने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक तथा खगेंद्र चंद्राकर निवासी थाना पिथौरा के विरुद्ध अपराध धारा 506, 509 (ख), 67 आईएनएफ, 67(ए) आईएनएफ पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### जमीन विवाद लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम पिपलखुंटा में मारपीट गाली गलौच करने का मामला दर्ज किया गया है। संतोष दास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया 11:30 बजे उसका भतीजा प्रकाश दास मानिकपुरी पटवारी को बुलाकर जमीन नपवाने गया था। जहां संतोष के पिता प्रेमदास और संतोष भी मौजूद थे। जहां प्रकाश दास मानिकपुरी ने संतोष को और उसके मेरे पिता को गाली गलौज करते हुए हाथ में रखे डंडा से मार दिया, जिससे उन्हें चोट लगी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### तारपीन तेल का सेवन करने से बच्ची की मौत

**महासमुंद।** नयापारा में तारपीन तेल का सेवन करने से डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईश्वरी ध्रुव पिता सादराम (1 साल 6 माह) निवासी नयापारा महासमुंद ने अपने घर पर तारपीन तेल का सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली में चाय दुकान से घर लौट रहे एक युवक की पुरानी रंजिश को लेकर तीन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर मारपीट की, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वार्ड नंबर 11 सरायपाली निवासी तजहर खान ने पुलिस को बताया शाम वह चाय दुकान गया था।

## कार्रवाई : 3600 किलो महुआ लहान किया गया नष्ट

# सबरिया डेरे से 1.80 लाख का लहान और 345 लीटर शराब जब्त, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम बलौदा सबरिया डेरा में आसपास क्षेत्र से सप्लाई करने के लिए कुछ लोगों द्वारा भारी मात्र में अवैध महुआ शराब बनाकर डम्प किया गया है। इसके साथ ही अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास लहान भी भारी मात्रा में रखा गया है, जिसका उपयोग आगे चलकर महुआ शराब बनाने में किया जाएगा।

इस प्रकार की सूचना पर 26 जून को प्रातः निरीक्षक केसी दास, निरीक्षक केसर पराग बंजारा, लखेश केवट, आबकारी विभाग से उप निरीक्षक जलेश सिंह के साथ पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर ग्राम बलौदा सबरिया डेरा में छापा मारा गया।

इस दौरान कई लोग सांवरिया डेरा में अवैध रूप से अवैध महुआ शराब का निर्माण कर रहे थे, जो पुलिस टीम को देखते ही मौके से फरार हो गए।

तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब पकड़े जाने के डर से उसे छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर इलाके का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें मौके पर 345 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। साथ ही महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग 1,80,000 कीमत मूल्य का 3600 किलो महुआ पास लहान भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है।

## आबकारी और पुलिस ने संयुक्त रूप से दी दबिश



### फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है

कार्रवाई में 20 भगोना बर्तन भी जब्त किया गया है, जिसकी सहायता से महुआ शराब बनाई जाती है। संपूर्ण कार्रवाई में पूरी टीम को अवैध महुआ शराब का जाल फैलाने वाले एक बड़े शराब कोचिया समूह का भंडाफोड़ कर, भारी मात्रा में महुआ शराब एवं इसे बनाने में इस्तेमाल लाखों रुपये का सामान बरामद करने में सफलता मिली है। फरार आरोपियों के विरुद्ध थाना गिधौरी में आबकारी अधिनियम के विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर, फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# व्यापारी के पिकअप से 90 हजार का सामान पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

■ रायपुर से सामान खरीदकर देर रात भवानीपुर पहुंचा था व्यापारी और उनका वाहन चालक

ग्राम भवानीपुर में चोरों ने बेखौफ होकर व्यापारी के पीकअप से लाखों रुपए के समान चोरी कर लिए। जानकारी अनुसार ग्राम भवानीपुर के व्यापारी चंद्रजीत पटेल के घर के बाहर खड़ी वाहन में लाखों समान का सामान रखा था। व्यापारी ने पुलिस को बताया कि वह प्रति दिन की भांति 24 जून को भवानीपुर से सामान लेने ड्राइवर गितेश साहू एवं ऋषभ साहू के साथ स्वयं के पिकअप में रायपुर के डूमर तराई गया था। सामान खरीदकर रात को करीब बारह बजे घर पहुंचे थे। रात्रि अधिक होने से उन्होंने घर के बाहर ही गाड़ी खड़ी की थी, जो पूरी तरह से सीसी ▸▸ शेष पेज 13 पर

### सीसी टीवी में देखे गए तीन चोर

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर पता चला कि एक सफेद रंग के कार में तीन लोग आए थे, उन्होंने पिकअप में बंधा रस्सी को काटकर पान मसाला एवं साबुन के डॉग को उठाकर अपने कर में डालकर ले जाते दिख रहे हैं। सभी सामान की कीमत लगभग 90 हजार बतायी जा रही है।

## मंत्री से गिनाई स्वास्थ्य केंद्र से मूलभूत समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत हथबंद के स्वास्थ केंद्र में एक्सरे मशीन एवं एंबुलेंस सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदार को ज्ञापन सौंप स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन, एम्बुलेंस और महिला स्टाप की मांग की है। इस संबंध में राजस्व, खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा के तिल्दा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की और यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही आम लोगों ▸▸ शेष पेज 13 पर

## रानी दुर्गावती बलिदान दिवस 30 को, सीएम होंगे शामिल

**भाटापारा।** आदिवासी गोंड समाज मावली महासभा भाटापारा के तत्वावधान में आदिवासी समाज सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण एवं रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह 30 जून को रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। अध्यक्षता बंशीलाल नेताम अध्यक्ष मावली महासभा सिंगारपुर करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल सांसद शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि रामविचार नेताम कृषि मंत्री, धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, जनकराम ध्रुव विधायक बिंद्रानवागढ़, इंद्र साव विधायक भाटापारा, पिंकी ध्रुव पूर्व विधायक नगरी सिहावा और लच्छूराम कश्यप पूर्व विधायक चित्रकूट ▸▸ शेष पेज 13 पर

# बस और ट्रैक्टर चालक से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ आरोपी राहगीरों को रास्ते में रोकर शराब पीने पैसों की मांग करते था

सिटी कोतवाली पुलिस ने रास्ता रोककर बस ड्राइवर एवं अन्य लोगों से मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा शराब पीने के लिए पैसा मांगते हुए आने जाने वाले लोगों से मारपीट की जा रही थी।

प्रार्थी ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 जून को वह बस क्र. सीजी 22 डब्लू–5544 को चलाते हुये बलौदाबाजार से अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी जाने के लिये निकला था। रात्रि करीबन 10 बजे ग्राम कुकुरदी के पास पहुंचा था कि आरोपी धनेश्वर द्वारा रास्ते में रोककर शराब पीने के लिये मुझसे रूपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर अश्लील गाली गलौज करते हुए, हाथ मुक्का से मारपीट किया। साथ ही बस में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा, जिससे बस का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। मारपीट करने से मेरे गाल में अंदरूनी चोट आने दर्द हो रहा है। उसी समय ट्रैक्टर में आ रहे संजीव कपूर के साथ भी आरोपी द्वारा रास्ता रोककर मारपीट की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 341, 294, 427, 327 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई ▸▸ शेष पेज 13 पर



## जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया

# सरकारी योजनाओं की जानकारी लेने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

कलेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी ने सिमगा प्रवास के दौरान विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ढेकुना के आश्रित ग्राम विश्रामपुर तथा ग्राम अडबंधा, दामाखेड़ा एवं सिमगा नगर में संचालित सहकारी सोसायटी, राशन दुकान, स्कूल भवन, पंचायत भवन का निरीक्षण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। ग्राम पंचायत ढेकुना अंतर्गत ग्राम विश्रामपुर स्थित सहकारी सोसायटी में उपस्थित किसानों और ग्रामीणों से मुलाकात कर खाद बीज की उपलब्धता, समय पर ऋण मिलने के बारे में जानकारी ली।

जिस पर ग्रामीणों ने सरना बीज की कमी की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने तत्काल कसडोल से बीज मंगाकर उपलब्ध कराने निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत दामाखेड़ा में आजीविका मिशन के तहत बिहान समूह से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित गतिविधियों से जुड़कर जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के संबंध में जानकारी ली। इस पर महिलाओं ने श्री सोनी को बताया कि बिहान से जुड़कर उनकी आर्थिक स्थित में काफी सुधार आया है। दामाखेड़ा में अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह समिति द्वारा अगरबत्ती निर्माण अन्य समूह द्वारा केक निर्माण एवं ग्राम अडबंधा में समूह द्वारा मछली पालन, बकरी पालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्व सहायता समूह के कामकाज की प्रशंसा करते हुए पूरे जिले के लिए रोल मॉडल बताया। ग्राम अडबंधा में महिला स्व सहायता समूह द्वारा बकरी शेड की मांग की गई है, जिस पर कलेक्टर ने बकरी शेड स्वीकृत करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए। साथ ही उन्होंने मनरेगा के तहत हुए कार्यों पर संतुष्टि जताते हुए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उक्त तालाब में अच्छे तरीके से मछली पालन सहित अन्य रोजगार मुलक कार्य भी किए जा सकते है। श्री सोनी ने इसके लिए उपस्थित महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों से चर्चा कर जायजा लिया।



## स्वरोजगार के लिए बेरोजगारों को मिलेगा शासन से सहयोग, मंगाए गए आवेदन

**मुड़पार-सरसींवां।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं स्वरोजगार से जोड़ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अंत्योदय या आदिवासी स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना में सेवा, व्यवसाय, कृषि, उद्योग आदि क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय संचालित करने आवेदन आमंत्रित है। योजना की पात्रता एवं शर्तें आवेदक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। जाति एवं निवास पत्र प्रमाण पत्र सरपंच या पार्षद द्वारा एवं आय प्रमाण पत्र पटवारी द्वारा जारी प्रस्तुत करना होगा। आवेदक के परिवार का वार्षिक आय 15 लाख से अधिक ना हो। आवेदक का नाम राशन ▸▸ शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष राहुल जन सरोकारों के होंगे प्रहरी



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र मजबूत हुआ। सरकार की मनमानी पर रोक लगेगी और सदन में गरीब जनता, किसान, युवा, सभी वर्गों की आवाज बुलंद होगी। संवैधानिक संस्थानों पर नियुक्ति में जो संघ समर्थित लोगों को मनमानी तरीके से बैठाया जाता था, वह अब नहीं होगा, संविधान सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार की मनमानी, तानाशाही नीतियां और जन विरोधी कानूनों के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हजारों किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके मोदी सरकार द्वारा उत्पन्न किए गए डर भय को खत्म किया है।

### उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** दुर्ग सराफा संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश सराफा संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रकाश सांखला ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेट की। इस मुलाकात के दौरान श्री सांखला ने प्रदेश सराफा व्यापार से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को सराफा संघ की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया, जिनमें व्यापारियों के लिए सुविधाओं में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती, और डिजिटलाइजेशन के माध्यम से व्यापारिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के विषय प्रमुख थे।

### चंगोराभाटा भवन में लगाया कपड़ों का मेला

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल ने श्रीकृष्णा कोचिंग द्वारा प्रयोजित 'वस्त्र-कपड़ों का मेला' नाम से एक मेगा मेले का आयोजन किया। 2500 से अधिक कपड़ों का मेला चंगोराभाटा स्थित सांस्कृतिक भवन में बुधवार को लगाया गया। जेसीआई कैपिटल के अध्यक्ष जेसी रितिक अग्रवाल ने बताया कि कपड़ों का मेला में लगभग 1500 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य वंचितों को कपड़ा उपलब्ध कराना था, जिसकी रेंज 10 रुपए से शुरू हुई, इससे जुटाई गई राशि का उपयोग शहर में पौधे लगाने में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनल छगन चौबे एवं जेएफआर पीपीपी राजेश अग्रवाल के अलावा जेसी आदित्य अग्रवाल, विक्की चंदानी, नीरज तिवारी, मनीष पाहुजा, अमन अग्रवाल, फाल्गुनी पारेख, धारा विरानी की टीम शामिल थे।

### लद्धाराम अध्यक्ष, सतीश बने भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महासचिव

**रायपुर।** भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांतीय सम्मेलन और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सिंधु पैलेस में बुधवार को हुई। प्रांतीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की 26 शहर इकाईयों के शहर अध्यक्ष, सदस्यों व प्रदेश के सिंधी पंचायतों के समाज सेवियों के समक्ष निवृतमान अध्यक्ष अशोक नैनवानी ने अपने कार्यकाल समाप्ति की घोषणा करते हुए नए अध्यक्ष की नियुक्ति का निवेदन किया। इसके बाद मुख्य आतिथ्य राष्ट्रीय अध्यक्ष भगतराम छाबड़ा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नए अध्यक्ष लद्धाराम नैनवानी और महासचिव सतीश छुगानी की नियुक्ति की घोषणा की। बैठक में शदाणी दरबार के संत डा. युधिष्ठिर लाल, संत साई लाल दास, विधायक पुरंदर मिश्रा, चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, श्रीचंद सुंदरानी, चेतन तारवानी, विनीता भावनानी के अलावा, राजेश वाधवानी, सिंधी पंचायत अध्यक्ष आदि के साथ 400 से अधिक की सख्या में नागरिक शामिल हुए।

### वरिष्ठ रंगकर्मी जलील रिजवी नहीं रहे

**रायपुर।** पिछले साठ साल से अधिक समय रंगमंच में सक्रिय रंगकर्मी, नाट्य डायरेक्टर जलील रिज़वी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। उनकी पत्नी नूतन रिजवी भी रंगकर्म से जुड़ी हुई हैं। जलील रिजवी ने अपनी नाट्य संस्था अग्रगामी के जरिए बहुत से नाटकों का मंचन किया। वे 81 वर्ष के थे। छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी और तमाम रंगकर्मियों, संस्कृति कर्मियों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

# सौर ऊर्जा का हर काम क्रेडा से कराएं, सरकार ने निकाला दस साल पुराना आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिक निगम और नगर पंचायतों के लिए आदेश जारी किया है कि नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत किए जाने वाले सौर ऊर्जा से संबंधित किसी भी प्रकार का काम सीधे न करवाकर क्रेडा के माध्यम से करवाएं। खास बात ये है कि यह आदेश जारी करने के लिए सरकार के 10 साल पुराने एक आदेश का हवाला दिया गया है।

■ क्रेडा सौर ऊर्जा क्षेत्र की नोडल एजेंसी है

राज्य में नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों में सौर ऊर्जा से संबंधित कार्य बड़ी संख्या में करवाए जा रहे हैं, लेकिन नगरीय निकाय ये काम खुद ही किसी बाहरी एजेंसी या संस्था के माध्यम से करवा रहे हैं। ऐसा करने से सरकारी एजेंसी छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय विकाय अभिकरण (क्रेडा) को काम नहीं मिल पा रहा है। अब नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे सौर ऊर्जा से संबंधित काम क्रेडा के माध्यम से ही करवाएं।

## प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए दिया निर्देश



### गुणवत्ता हो रही प्रभावित

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने यह निर्देश देने के साथ ही राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा 10 साल पहले जारी किए आदेश को भी निकाला है। तत्कालीन सरकार ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर, सभी जिला पंचायत सीईओ को आदेश दिया था कि सौर ऊर्जा से संबंधित काम क्रेडा के माध्यम से ही करवाएं। इस आदेश में कहा गया था कि भारत सरकार के नवीन एवं नवीनकरणीय ऊर्जा आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए क्रेडा राज्य की नोडल एजेंसी है। क्रेडा द्वारा यह ध्यान में लाया गया है कि राज्य में पारंपरिक उर्जा आधारित योजनाओं का क्रियान्वयन तथा गैर परंपरागत स्रोत आधारित उपकरण, उपस्कर का क्रय अन्य विभागों द्वारा सीधे किया जा रहा है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही भारत सरकार से प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता से वंचित होने की आशंका बनी रहती है।

# छत्तीसगढ़ में वार्डों के परिसीमन पर कांग्रेस-भाजपा में टकराव

वार्डों की जनसंख्या एक समान और उनकी सीमाओं में पुनर्गठन से राजनीतिक नफा नुकसान का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के 184 नगरीय निकायों के वार्डों का नए सिरे से परिसीमन शुरू हो गया है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर नए सिरे से वार्डों का परिसीमन कराने का निर्देश दिया है।

■ कांग्रेस ने इसे गैर जरूरी बताया, वहीं भाजपा का कहना है त्रुटियों में इससे होगा सुधार

उल्लेखनीय है कि राज्य में 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका परिषद और 122 नगर पंचायत कुल 184 नगरीय निकाय हैं। आदेश के तहत नगरीय निकाय चुनाव से पहले नगर निगम के परिसीमन का काम 24 जून से शुरू हो गया है।

परिसीमन में वार्डों की दिशा, वार्डों की संख्या, एससी-एसटी जनसंख्या के आंकड़े, वार्डों का विभाजन, वार्डों का क्रमांक तथा नाम, वार्डों की सीमा, जनसंख्या संबंधी पत्रक, वार्डों के सीमा निर्धारण संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति, सुझावों का निराकरण व वार्ड विभाजन की अंतिम अधिसूचना का प्रारूप होगा। परिसीमन को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने नजर आ रहे हैं। परिसीमन में रायपुर के 70 वार्डों में जनसंख्या एक जैसी की जाएगी। 2011 की जनसंख्या के अनुसार रायपुर के 1 वार्ड में लगभग 14 हजार की आबादी होनी चाहिए, लेकिन रायपुर में अभी कई ऐसे वार्ड हैं, जहां पर आबादी कहीं कम है, तो कहीं ज्यादा है। 2011 की जनगणना के अनुसार रायपुर की आबादी इस समय करीब 10.48 लाख है। इसी को आधार मानकर हर वार्ड में करीब 14 हजार की जनसंख्या के अनुपात में वार्डों का परिसीमन होगा। इससे कई वार्डों के मतदाता इधर से उधर हो जाएंगे। पार्षदों में इसे लेकर अभी से खलबली शुरू हो गई है। शासन की ओर से परिसीमन का काम 24 जून से शुरू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी कर रहा भाजपा पार्षद दल महापौर की तरफ से उठाए जा रहे सवाल को लेकर अक्रामक है।



### परिसीमन गैर जरूरी : ढेबर



पिछले दिनों एमआईसी की बैठक में भी परिसीमन को लेकर चर्चा की गई, इसके बाद महापौर एजाज ढेबर ने परिसीमन के कार्य को गैर उपयोगी बताया। उन्होंने कहा, साल 2011 को आधार बनाकर साल 2019 में वार्डों का परिसीमन किया गया था, तो अब साल 2024 में इस आधार पर एक बार फिर वार्डों का परिसीमन क्यों किया जा रहा है। वार्डों का परिसीमन 10 साल बाद होना चाहिए, जबकि निगम में वार्डों का परिसीमन पुरानी जनगणना के हिसाब से 5 साल पहले किया गया था। जनगणना अभी भी नहीं हुई है, फिर किस आधार पर शासन परिसीमन की बात कर रहा। रायपुर नगर निगम के न तो वार्ड बढ़ रहे हैं और न ही इसे महा नगर पालिका घोषित किया जा रहा है। अगर ये दो होते, तो परिसीमन जायज रहता, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है।

### भाजपा ने उठाए सवाल

रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है कि कुछ वार्ड ऐसे हैं, जहां जनसंख्या अधिक है। कुछ वार्ड में जनसंख्या कम है। जो भी जनप्रतिनिधि चुनकर आते हैं, वह चाहे फिर भाजपा या कांग्रेस के हों, उन्हें काम करने में दिक्कत होती है। महापौर का परिसीमन का विरोध करना समझ से परे है। यह स्वयं महापौर को संदेह के घेरे में डाल रहा है। आखिर वे परिसीमन से पीछे क्यों भाग रहे हैं? परिसीमन की प्रक्रिया शुरूपरिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, इसके अनुसार 24 जून से 8 जुलाई तक वार्डों के विस्तार का काम होगा। 9 से 15 जुलाई के बीच परिसीमन कार्य का प्रकाशन किया जाएगा। 18 जुलाई को आपत्ति-सुझाव मंगाया जाएगा। वार्डों में जनसंख्या 14 हजार के आसपास करने की कवायद हो रही है।

### बदलेगा राजनीतिक समीकरण

बताया जाता है कि विवाद का एक प्रमुख कारण यह है कि नगर निगम के वार्डों का नए सिरे से परिसीमन की स्थिति में हर एक वार्ड का राजनीतिक समीकरण बदला नजर आएगा। वर्तमान पार्षद के अलावा पार्षद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी नए सिरे से संभावनाएं तलाशनी होगी। साथ ही राजनीतिक समीकरण भी उसी अंदाज में बिठाना होगा।

# पीएम गति शक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का आदेश, जियो टैग के साथ करना होगा अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के सभी नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का आदेश जारी किया गया है। राज्य स्तरीय ब्रॉड बैंड समिति की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए गए थे। खास बात ये है कि निकायों को सात दिनों के अंदर निकाय क्षेत्र में यह डाटा जुटाना है। इसमें स्ट्रीट लाइट, बस शेल्टर, रोड, एसएलआरएम सेंटर, ओवर हैड टैंक, कम्यूनिटी टायलेट, पब्लिक टायलेट, वाटर एटीएम और सब्जी मार्केट की जानकारी देनी है, वह भी जियो टैग के साथ।

### सात दिनों में जुटाना है डाटा

माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का जो काम नगरीय निकायों को सात दिनों में करने कहा गया है, वह आसान तो बिल्कुल नहीं है। यह इसलिए की निकाय वार ये जानकारी देना है। इसमें स्ट्रीट लाइट के संबंध में जो जानकारी मांगी गई है। उसमें संभाग का नाम, जिले का नाम, निकाय का नाम, पोल नंबर, पोल का स्वामित्व निकाय सीएसईबी या पीडब्लुडी या अन्य की जानकारी देनी है। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट का प्रकार, सिंगल, ओवरहैंग, डबल ओवर हैंग, पोल का स्ट्रक्चर आरसीसी, स्टील, ट्यूबलर या अन्य की जानकारी लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ देनी है। इसी प्रकार सड़क की जानकारी में बताना है कि रोड या सड़क का नाम, रोड का प्रकार, रोज का प्रारंभिक लोकेशन स्टार्टिंग प्वाइंट, रोड का अंतिम लोकेशन सड़क की लंबाई और चौड़ाई मीटर में तथा लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ जानकारी देनी है। बस शेल्टर के संबंध में बताना है बस शेल्टर का नाम, बस शेल्टर एरिया का क्षेत्रफल मीटर में, बस शेल्टर का पता, तथा लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ जानकारी देनी है। नगरीय निकायों के ये भी डाटा देना है कि उनके क्षेत्र में काम्पेलक्स कितने है। काम्पलेक्स का नाम और पता वह भी लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ। निकायों को ये भी बताना होगा कि उनके निकाय क्षेत्र में कितने उद्यान है, उद्यान का पता क्या है। सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय की जानकारी में बताना है कि कितने सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय हैं। इसी क्रम में सब्जी मार्केट की जानकारी देनी है कि कितने सब्जी मार्केट हैं। उनका पता क्या है। निकायों को ये भी बताना होगा कि उनके क्षेत्र में कितने वाटर एटीएम लगे हैं उनका पता क्या है।

# लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा करने कल से पांच दिन के दौरे पर रहेंगे मोइली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार की समीक्षा करने कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर गठित एक कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली 28 जून से राज्य के पांच दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे पांच दिन राज्य के रायपुर, बिलासपुर, कांकेर का दौरा कर हार के कारणों को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और लोकसभा के प्रत्याशियों से चर्चा करेंगे। अंत में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर अंतिम रिपोर्ट तैयार करेंगे।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की समीक्षा करने एआईसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली 28 जून को रायपुर पहुंचेंगे। इस दौरान लोकसभा चुनाव के नतीजों पर मंथन किया जाएगा। समीक्षा पर कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर एआईसीसी को सौंपेगी। उसके आधार पर प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल हो सकता है। बताया जाता है कि रायपुर और दुर्ग संभाग की लोकसभा सीट की बैठक लेंगे। बस्तर संभाग की दो सीटों के लिए कांकेर और बिलासपुर और सरगुजा संभाग की लोकसभा सीटों पर चर्चा करेंगे। संभागवार नेताओं के साथ हार के कारणों की समीक्षा करेंगे।

संभाग वार समीक्षा कर रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपेंगे



### 28 जून को आएंगे, 1 जुलाई को लौटेंगे

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली 28 जून को 11:55 बजे बेंगलुरु एयरपोर्ट से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। दोपहर 1:30 बजे राजीव भवन रायपुर में बैठक लेंगे। 29 जून सुबह 9 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। सुबह 11 बजे बिलासपुर कांग्रेस भवन में बैठक लेंगे। 30 जून को सुबह 8 बजे बिलासपुर से कांकेर के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे राजीव भवन कांकेर में बैठक लेंगे। 1 जुलाई को सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में बैठक लेंगे एवं रात्रि 7:55 बजे नियमित विमान से रायपुर से बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे।

# साय बोले- संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने लगाया था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना फिर से शुरू कर दिया गया है और पिछले पांच वर्षों की रोकी गई सम्मान निधि की राशि सेनानियों को एकमुश्त दी जा चुकी है। पिछली सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। आपातकाल को देश पर थोपकर लोकतंत्र को कुचला गया था।

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) के सम्मान समारोह में उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्व. बलीराम कश्यप और स्व. नरहरि साय सहित अनेक सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट और गजमाला पहनाकर सम्मान निधि पुनः प्रारंभ करने और पिछले पांच वर्षों की राशि देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



### लोकतंत्र सेनानियों का त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता

मुख्यमंत्री ने कहा, आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने काफी कष्ट उठाया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए। जहां उनके साथ बर्बरता की गई। उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया। इसी की याद में 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

### उनका यह अभियान वंदनीय

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, लोकतंत्र सेनानियों ने बड़े कष्ट सहे। जो जेल गए उन्होंने जेल में और उनके परिवारों ने जेल के बाहर यातनाएं सही। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, लोकतंत्र सेनानियों ने घर का अमन-चैन त्यागकर लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी। उनका यह अभियान वंदनीय है। मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा, लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों को याद रखने की जरूरत है।

### ये थे मौजूद

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखन लाल देवांगन, ओपी चौधरी, विधायक पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, रामप्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## प्रदेश के 97 प्रतिशत कर्मियों को मिलेगा ओपीएस

# ओपीएस का विकल्प चुनने वालों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक जिन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस का विकल्प चुना था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। जानकार सूत्रों के अनुसार ऐसे कर्मचारी अधिकारी जो रिटायरमेंट के करीब हैं, उनके प्रकरण ओपीएस के लिए बनने शुरू हो गए हैं।

खास बात ये है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने ओपीएस लागू करने के बाद कर्मियों को ओपीएस या एनपीएस (नई पेंशन योजना) में से किसी एक का विकल्प चुनने कहा था। राज्य के 97 प्रतिशत अधिकारियों कर्मचारियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था।



### पेंशन योजना को लेकर था संशय

राज्य में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद इस बात को लेकर संशय बना था कि राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू होगी या नहीं। या पिछली सरकार का निर्णय बदलकर फिर से नई पेंशन योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने इस मामले में पिछली सरकार के निर्णय और कर्मियों द्वारा चुने गए विकल्प को ही मान्य किया है। इस तरह राज्य में ओपीएस का विकल्प चुनने वाले 97 प्रतिशत कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ ही मिलेगा यह तय है।

### ये है मामला

दरअसल पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना(ओपीएस) लागू करने का निर्णय लिया था। लेकिन इसके साथ ही सरकार ने यह तय किया था कि वह इस निर्णय पर अपने अधिकारियों कर्मचारियों की राय को तवज्जो देगी। इसके लिए सरकार ने कर्मियों के सामने दोनों पेंशन योजना के विकल्प रखे थे। 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस तथा तीन प्रतिशत ने एनपीएस का विकल्प चुना था। इसके साथ ही तय हो गया था कि राज्य के शासकीय सेवकों को ओपीएस का लाभ मिलेगा।

### एनएसडीएस लें, रकम की वापसी भी

प्रदेश के शासकीय कर्मी जो एनपीएस के सदस्य थे, उनके अंशदान की राशि एनएसडीएल संस्था में जमा होती थी। पिछली सरकार ने जब ओपीएस लागू करने का निर्णय लिया तभी एनएसडीएल के पास जमा राज्य के कर्मियों के 17 हजार 200 करोड़ रुपए वापस मांगे गए थे, लेकिन तत्कालीन केंद्र सरकार ने यह राशि देने से इनकार किया था। यह कहा गया था कि यह राशि वापस देने का कोई प्रावधान नहीं है। अब जबकि राज्य के शासकीय सेवको ने ओपीएस का विकल्प भरा तभी ये शर्त रखी गई थी, उन्हें एनएसडीएल में जमा राशि वापस लाकर राज्य सरकार को देनी है। बताया गया है कि रिटायर होने वाले कर्मियों की यह राशि अब एनएसडीएल राज्य सरकार के पास जमा करवा रहा है। अब राज्य सरकार यह राशि अपने कोष में जमा करके ओपीएस के प्रावधान के अनुरूप कदम उठाएगी। यह जानकारी भी मिली है कि रिटायर होने वाले ही नहीं, बल्कि नई भर्ती के शासकीय सेवकों को भी उनका सेवाकाल दस साल होने के बाद ओपीएस में शामिल किया जाएगा। राज्य में करीब तीन हजार कर्मी ही ऐसे हैं जो रिटायरमेंट के करीब थे, उन्होंने एनपीएस चुना था, इसी योजना के हिसाब से वे उनके लिए प्रावधान लागू होंगे।

# हत्या के आरोपियों को संरक्षण और समर्थन असंवैधानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आरंग की घटना के आरोपियों के समर्थन में राजधानी के सिटी कोतवाली थाने के घेराव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह घटना सभ्य समाज के लिए कलंक है। भाजपा की सरकार में हत्या के आरोपियों के समर्थन में भाजपा और आरएसएस के आनुशांगिक संगठनों द्वारा सिटी कोतवाली थाने का घेराव, कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगता है। उन्होंने कहा, भयमुक्त वातावरण प्रत्येक छत्तीसगढ़िया का अधिकार है, लेकिन साय सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार जैसी घटनाएं होने लगी हैं। कलेक्टर और एसपी दफ्तर भी सुरक्षित नहीं रहे।

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ मणिपुर की तरह जल रहा है। अपराधी बेखौफ हैं और अपराधियों के संरक्षण में जुलूस निकालकर थाने घेरे जा रहे हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आरोपियों के समर्थन में दबाव बनाना संविधान और कानून का खुलेआम मखौल उड़ाने के समान है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को सरकार की स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।

# धीमी गति से निपटाए जा रहे राजस्व के प्रकरण, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आचार संहिता खत्म हुए 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन जिले के कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी प्रकरणों को निपटाने की कार्यवाही पहले की तरह धीमी गति से ही चल रही है। इसके कारण जिलेभर में राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा अभी भी 9 हजार के करीब है। 20 दिन पहले यह आंकड़ा लगभग दस हजार के करीब था।

हरिभूमि सरोकार

इस तरह 20 दिन में मात्र लगभग एक हजार प्रकरण ही निपटाए गए हैं। इससे पता चलता है कि राजस्व प्रकरणों को निपटाने में विभागीय अधिकारी व तहसीलदार कितनी रुचि ले रहे हैं। इधर कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में धीमी गति से निपटाए जा रहे प्रकरणों को लेकर आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है, जिसके कारण उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

## कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालय में 9 हजार प्रकरण पेंडिग

### तहसील में हर रोज लग रही भीड़

तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी प्रकरणों से लेकर जाति, आय और मूल निवास बनाने के लिए हर दिन लोगों की भीड़ लग रही है। बुधवार को भी तहसील कार्यालय में खासी भीड़ रही। इस दौरान दतरेंगा गांव से आए दो युवकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उनकी जमीन का नक्शा बनाने में पटवारी से त्रुटि हो गई है, जिसे लेकर वह पिछले कई दिन से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इस दौरान एक युवक ने बताया कि उसने मूल निवास प्रमाणपत्र के लिए 15 दिन पहले आवेदन किया था, जिसकी पड़ताल करने पहुंचा है, लेकिन उन्हें दो दिन बाद आने के लिए कहा गया है।



### जाति, मूल निवास व आय प्रमाणपत्र के लिए भी चक्कर काट रहे युवा

तहसील कार्यालय में नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, बटांकन, नक्शा-ऑनलाइन रिकार्ड में सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को लेकर लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं, वहीं युवा वर्ग भी जाति, मूल निवास व आय प्रमाणपत्र बनवाने के लिए हर दिन तहसील कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिन्हें एक निश्चित तारीख दी जाती है, लेकिन इस तारीख के बाद भी उन्हें कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### 8877 प्रकरण न्यायालय में लंबित

जिले के राजस्व संबंधी 8877 प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं। इन प्रकरणों में ऐसे कई प्रकरण हैं, जिनकी सुनवाई पिछले करीब तीन महीने से नहीं हो पाई है। आचार संहिता के कारण पहले इन प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही थी और अब तहसीलदारों के कछुए गति से काम करने के कारण लंबित प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पा रही है। लंबित प्रकरणों में कई प्रकरणों को 5 साल से ज्यादा हो चुके हैं, जिन्हें अब तक निपटाया नहीं गया है। हालांकि इन प्रकरणों को लेकर अधिकारियों का कहना है कि वे सभी विवादित हैं। इनमें किसी प्रकरण में कोई एक पक्ष नहीं आता है, तो किसी में दूसरा पक्ष। कुछ प्रकरण में तो दोनों पक्षों के लोग पेशी में नहीं आते हैं। इसके कारण प्रकरणों का निपटान नहीं हो पा रहा है।

## खबर संक्षेप



### ई-वे बिल वापस लेने की मांग, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर। ई-वे बिल वापस लेने और प्रताड़ना रोकने की मांग को लेकर व्यापारियों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को जीएसटी कमिश्नर रजत बंसल की अनुपस्थिति में सहायक कमिश्नर सुनील चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छोटे-छोटे ट्रांसपोर्टर, मालवाहक वाहन चालकों की परेशानी दूर करने रास्ते में वाहनों की जांच के नाम पर भयभीत किए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने राज्य में ई-वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त किए जाने का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से अफसरशाही बढ़ेगी, व्यापारी परेशान होगा और भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित करना तत्काल बंद करे। जीएसटी के नोटिस के माध्यम से जिस तरह से अधिकारी व्यापारियों को धमका रहे हैं उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और जिले के अंदर पचास हजार से अधिक के प्रत्येक बिल पर लगने वाले ई वे बिल के कानून को सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले अन्यथा व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में संतोष बाघमार, राजेश केडिया, सुरेश बाफना, नितेश अग्रवाल, शरद गुप्ता, मनोज सोनकर, मनोज पाल, रवि शर्मा, देवेंद्र पवार और राजेश त्रिवेदी शामिल थे।

### मुख्यमंत्री जनदर्शन लगाए जाने का पिछड़ा वर्ग ने किया स्वागत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रत्येक गुरुवार को जनदर्शन लगाए जाने का छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने स्वागत किया है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आमजनता का सीधा संवाद मुख्यमंत्री से होगा, निश्चित रूप से सरकार की लोकप्रियता बढ़ेगी और जनता समस्या से मुक्त होंगे। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ठंड के मौसम से पहले जनदर्शन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से हो, ठंड के मौसम आने के बाद भले ही 11 बजे कर दिया जाए। संगठन ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं अन्य मंत्रियों द्वारा जनदर्शन लगाए जाने का स्वागत किया है। स्वागत करने वालों में सोमनाथ साहू, उदय राम निषाद, रमेश देवांगन, सोहन दास मानिकपुरी, रमेश चक्रधारी, सुरेश नेताम, गोपाल वर्मा, विष्णु प्रसाद यादव, रामकुमार वर्मा, गोपाल सारथी, मुन्ना साहू, बैसाखू यादव, नरसिंह विश्वकर्मा, शारदा प्रसाद सोनकर, चंद्र भूषण कुशवाहा, संतराम कन्नौजे, राजेंद्र सिन्हा, भीम सिंहा आदि है।

### राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र होगा मज़बूत

रायपुर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि देश को 10 वर्षों बाद विपक्ष का नेता मिला है। एक मजबूत लोकतंत्र के लिए जितना जरूरी सत्ता पक्ष है उतना ही जरूरी विपक्ष भी है, क्योंकि विपक्ष सरकार को आईना दिखाता है। 2024 चुनावों का जनादेश भी मजबूत विपक्ष की महत्ता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस कार्यकाल में पहली बार विपक्ष के नेता का सामना करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल को संसदीय राजनीति में 20 वर्षों का अनुभव हो चुका है जिस दौरान वे पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर लोगों की आवाज़ उठाते रहे हैं।

## बैज के बयान पर श्रीवास्तव ने किया कटाक्ष

# ताकझांक के राजनीतिक मनोरोग ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को रसातल में पहुंचा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस के नेता विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार पर आत्मचिंतन करने के बजाय आज भी दूसरों के आंगन में ताकझांक की आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के ताजा बयान पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, इसी राजनीतिक मनोरोग ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को रसातल में पहुंचा दिया है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग बिना झूठ बोले और लोगों को बिना भ्रमित किए राजनीति करना ही नहीं जानते। प्रदेश की जनता अब कांग्रेस के राजनीतिक झूठ और झांसों में कतई नहीं आ रही है। राजनीतिक तोड़फोड़ जिस कांग्रेस का कलंकित इतिहास रहा है, उसको अब यह सहन नहीं हो रहा है। कांग्रेस में दिन-रात राजनीतिक धमाचौकड़ी और घमासान देखने के आदी हो चले उनके नेता भाजपा के अनुशासन और पार्टी नेतृत्व के राजनीतिक निर्णयों को विनम्रता से स्वीकार करने की राजनीतिक विशिष्टता से हैरान हैं।

### बैज खुद दूध से निकाल फेंकी गई मक्खी न बन जाएं

उन्होंने कहा, अपने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को दूध से मक्खी की तरह निकाल फेंकना कांग्रेस की राजनीतिक विकृति होगी, भाजपा की नहीं। दीपक बैज अपनी कांग्रेस की राजनीतिक दरिद्रता जैसी बीमारी भाजपा में ढूंढ़ने में क्यों वक्त जाया कर रहे हैं, यह समझ से परे है। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। बैज पहले कांग्रेस के अंतर्संघर्ष को दूर कर लें, क्योंकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुगाहट का शोर सुनाई दे रहा है, कहीं बैज खुद दूध से निकाल फेंकी गई मक्खी न बन जाएं।





### बैज बोले- बृजमोहन को दूध में गिरी मक्खी की तरह बाहर कर दिया

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर में उपचुनाव की चर्चाओं को लेकर कहा, जल्द ही रायपुर दक्षिण में उप चुनाव होगा। हमें उसकी भी तैयारी करनी है। दावेदारों के आवेदन अभी से आ रहे हैं। कई नए दावेदार भी सामने आ रहे हैं। वहीं बृजमोहन अग्रवाल की नाराजगी से कांग्रेस को फायदा मिलने के सवाल पर बैज ने कहा, वह पार्टी के सीनियर नेता हैं। उनको दूध में गिरी मक्खी की तरह बीजेपी ने निकाल कर बाहर कर दिया है। बृजमोहन खुद नहीं चाहते थे विधायक और मंत्री पद से इस्तीफा दें, उन्होंने बेमन से इस्तीफा दिया। बीजेपी में इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। उसका फायदा जरूर ही कांग्रेस पार्टी को मिलेगा।

### दक्षिण उपचुनाव की तैयारी, दावेदारों के आवेदन आ रहे

कांग्रेस के दावेदारों को लेकर दीपक बैज ने कहा, हम सभी सीनियर नेताओं के साथ बैठेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। अभी तक कुछ दावेदार ही आए हैं, अभी तो आवेदन आना बाकी है, जो मजबूत प्रत्याशी होंगे, उसे मैदान पर उतारेंगे। चुनाव की तैयारियों को लेकर जल्द ही हम कार्यकर्ताओं की बैठक भी रखेंगे। समीक्षा बैठक की तैयारी कर रहे हैं, उसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। कांग्रेस में बदलाव की चर्चा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोइली कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी इसी महीने प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। उसके बाद ही पार्टी की रणनीति आगे बढ़ाएंगे। समीक्षा के लिए हम तैयारी कर रहे हैं।

# अधिकारी-कर्मचारियों ने समझी राजस्व न्यायालय के कार्यों की प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम दिवस कलेक्टर धर्मेश साहू के समक्ष डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ महेश शर्मा ने राजस्व न्यायालय की कार्य प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि भू–राजस्व संहिता की धाराओं को एवं सीपीसी की धाराओं को संयुक्त रुप से देखे जाने की आवश्यकता है, क्योंकि बहुत से मामलों का भू–राजस्व संहिता में कोई प्रावधान नहीं है। इसके पश्चात बिलासपुर भू–अभिलेख शाखा के राजस्व निरीक्षक रमेश नायक एवं पीयूष दीवान द्वारा भू–अभिलेख शाखा एवं डायवर्सन के संबंध में जानकारी दी गई एवं राजस्व विभाग के पदाधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान किया गया। जांजगीर–चांपा कार्यालय से सहायक ग्रेड–2 शैलेन्द्र सिंह एवं नबी अहमद खान ने भू–आबंटन के संबंध में जानकारी दी। इसी क्रम में बिलासपुर एवं रायगढ़ जिले से आए कर्मचारियों ने वाचक शाखा, नाजीर शाखा, प्रपत्र शाखा, शिकायत शाखा, बाढ़ राहत एवं सांख्यिकी शाखा एवं स्थापना शाखा से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, साथ ही राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कम नहीं होगा रेल यात्रियों का टेंशन, लंबी दूरी की 14 ट्रेनें कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों का टेंशन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लंबी दूरी की 14 ट्रेनें आने वाले दिनों में कैंसिल कर दी गई हैं। रेल प्रशासन द्वारा खड़गपुर रेल मंडल के सांकराईल-सांतरागाछी लिंक लाइन को आन्दुल स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसकी वजह से 29 जून से 8 जुलाई तक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

■ खड़गपुर रेल मंडल में 29 जून से 8 जुलाई तक ब्लाक

रेलवे क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य और सुविधा बढ़ाने के काम पूरे किए जा रहे हैं। इसकी वजह से यात्री ट्रेनें लगातार अपनी आवाजाही में पिछड़ रही हैं। एक बार फिर 29 जून से यात्रियों की समस्या बढ़ने वाली है, क्योंकि बड़ी संख्या में कई शहरों को जोड़ने वाली कई ट्रेनों का संचालन स्थगित करने का फैसला लिया गया है। जानकारी के अनुसार 4 से 6 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली वाली शालीमार एक्सप्रेस और 6 से 8 जुलाई तक शालीमार से संचालित होने वाली एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 4 से 6 जुलाई तक पुणे से हावड़ा जाने और 6 से 8 जुलाई तक हावड़ा से पुणे आने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा। 4 और 6 जुलाई को पोरबंदर से शालीमार के बीच आवाजाही करने वाली ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे। उदयपुर से शालीमार के बीच संचालित होने वाली एक्सप्रेस भी 6 और 7 जुलाई को आवाजाही नहीं करेगी। गुजरात को पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली सांतरागाछी, पोरबंदर एक्सप्रेस का संचालन 5 और 7 जुलाई को नहीं होगा। कामाख्या से एलटीटी जाने वाली एक्सप्रेस 6 जुलाई को नहीं चलेगी इसकी वजह से 9 जुलाई को इस ट्रेन की वापसी भी नहीं होगी। 6 और आठ जुलाई को शालीमार से एलटीटी के बीच एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को निराश होना पड़ेगा।



### ये चलेगी देर से

तीस जून को पुणे-हावड़ा आजाद हिंद आधे घंटे और एक जुलाई को हावड़ा-पुणे आजाद हिंद डेढ़ घंटे विलंब से संचालित होगी। 30 जून को ओखा-शालीमार आधा और एक जुलाई को एलटीटी-शालीमार डेढ़ घंटे विलंब से स्टेशन छोड़ेगी। 5 जुलाई को एलटीटी-शालीमार ढाई घंटे और एक जुलाई को हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस एक घंटे विलंब से गंतव्य के लिए रवाना होगी।

### मनमाड़ तक चलेगी शिर्डी एक्सप्रेस

पुणे रेल मंडल के पुनतांबा-कान्हेगांव सेक्शन में नॉन इंटरलोकिंग कार्य की वजह से कल हावड़ा से साईनगर जाने वाली शिर्डी एक्सप्रेस तथा 29 जून को वापस आने वाली एक्सप्रेस मनमाड़ स्टेशन से संचालित होगी। इस ट्रेन के यात्रियों को अपने सफर की शुरुआत मनमाड़ स्टेशन से करना होगा।

# चुनाव की समीक्षा कर रणनीति बनाकर कार्य करें सभी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर

कसडोल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों की विशेष बैठक तहसील साहू भवन पलारी में आयोजित की गई। इसमें गौरीशंकर अग्रवाल और संदीप शर्मा प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। गौरीशंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत की बधाई दी। कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ में प्राप्त मतों की समीक्षा करनी चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कहना है कि सभी बूथों में न्यूनतम 51 प्रतिशत मत प्राप्त कर बहुमत होना चाहिए। इस तरह पिछले चुनाव और इस चुनाव में सभी बूथों में मतों की कमी अथवा बढ़त पर मंथन कर कमियों को दूर करें। वे इसी तरह भाजपा के हित में लगातार करते रहे। कार्यकर्ताओं भी प्रदर्शन पर विचार कर प्रोत्साहित होना चाहिए।



**पौधारोपण कर भाजपा के राष्ट्रीय पहल को सफल बनायें :** भाजपा वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम' एक नयी और प्रेरणादायक पहल है। इसका उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एकसाथ बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत लोग अपनी माताओं के नाम पर एक पेड़ लगाते हैं, जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का एक सुंदर तरीका भी है। सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने बूथ, शक्ति केंद्र, निवास क्षेत्र में वृक्ष जरूर लगायें। भाजपा की इस राष्ट्रीय पहल को सफल बनायें। यह एक स्थायी और अर्थपूर्ण उपहार है, जो पीढ़ियों तक याद किया जाएगा। माताएं हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा हैं और इस पहल के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# उन्नयन हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षकों की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

हाई स्कूल खपराडीह का उन्नयन हायर सेकण्डरी स्कूल के रूप में हो गया। इस वर्ष कक्षा 11वीं प्रारंभ करने का निर्णय शाला विकास समिति द्वारा लिया गया है। कला एवं विज्ञान संकाय प्रारंभ किया जाना है, लेकिन हाई स्कूल में दो ही शिक्षक पदस्थ होने के कारण परेशानी खड़ी हो रही हैं। शिक्षक की मांग को लेकर ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन केबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक टंकराम वर्मा से मुलाकात कर शिक्षक की मांग की,



जिस पर टंक राम वर्मा ने कहा कि साय की सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है, इसलिए 33 हजार नए शिक्षक भर्ती किए जा रहे हैं, जिससे शिक्षक को कमी को दूर किया जा सके। हायर सेकंडरी स्कूल खपराडीह में शिक्षक की व्यवस्था को लेकर तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर सरपंच उर्मिला ध्रुव, भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत बघमार, पंच कुंती वर्मा, हरी राम बंजारे, सनत बघमार, भोजराम वर्मा, तिलक वर्मा, कमल नारायण बघमार, प्यारे लाल बघमार, गजेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### व्यापारी के पीकअप...

टीवी कैमरे की निगरानी में थी, लेकिन चोरों की हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने सीसी टीवी कैमरों की परवाह ही नहीं कि, बल्कि तिरपाल और रस्सी को काटकर घटना को अंजाम दिया। 25 जून की सुबह 6 बजे भीखम लाल साहू ने घर आकर बताया कि पिकअप में बंधा रस्सी कटी हुई है। जब उन्होंने जाकर देखा तो पिकअप से दो डॉग पान मसाला गुटका, नौ डॉग साबुन नहीं थी।

### बस और ट्रैक्टर...

करते हुए सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पाटिल एवं पुलिस टीम ने आरोपी धनेश्वर 35 साल निवासी ग्राम कुकुरदी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी द्वारा शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते हुए बस एवं ट्रैक्टर चालक से मारपीट करना एवं बस में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया है। प्रकरण में आरोपी धनेश्वर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया।

### मंत्री से गिनाई से...

की समस्या को देखते हुए महिला, अपराधी संबन्धित घटना के लिए महिला स्टाप की कमी गिनाई। इस मौके पर जित्तू यादव नगर ग्रामीण अध्यक्ष, धन्ना निषाद नगर ग्रामीण उपाध्यक्ष, पंच मूलचंद टंडन एवं अनेक ग्रामवासियों के साथ आंनद यादव, संजू वर्मा के मार्ग दर्शन मंत्री से मुलाकात की गई, जहां मंत्री ने बलौदाबाजार स्वास्थ्य विभाग के उच्चधिकारी से ग्रामवासियों की समस्याएं गिनाई।

### रानी दुर्गावती बलिदान...

कार्यक्रम में शामिल होंगे। आदिवासी गोंड समाज मावली महासभा सिंगारपुर ने स्वजाति से उपरोक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। मावली महासभा के सचिव टीकाराम ध्रुव ने बताया कि मुख्यमंत्री की आम सभा कृषि उपज मंडी भाटापारा में होगी।

### स्वरोजगार के लिए...

कार्ड में हो। आधार कार्ड, पैन कार्ड के छायाप्रति, पूर्व में किसी योजना में लाभ नहीं लिया हो का शपथ पत्र देना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 50 वर्ष से अधिक ना हो। योजना में बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पर 50 प्रतिशत या अधिकतम दस हजार रूपए जो भी कम हो अनुदान का प्रावधान है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन टीसीपीसी परिसर खैरहा बिलासपुर रोड सारंगढ़ में कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं। आवेदन में कांट छांट, ओवर राइटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Wholly Owned Subsidiary company of REAL ISPAT & POWER LTD.

**रियल इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड**
वृन्दावन, आईडीबीआई बैंक के पास, सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 91 771 4224000, फैक्सः 91 771 4224010
वेबसाईटः www.realispat.com, सीआईएनः U27100CT2020PTC10603

भाटापारा, दिनांक 28.06.2024

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में विद्यमान 220/132/33 केवी उपकेंद्र भाटापारा जिला भाटापारा से निर्मित 132 केवीए उपकेंद्र रियल इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम बकुलाही धौराभाठा जिला बलौदा बाजार तक 11.2 किलोमीटर 132 केवीए उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, यह विद्युत लाइन जिला बलोदाबाजार भाटापारा तहसील भाटापारा के ग्राम पटपार, सुर्खी , अमलीडीह , परसवानी , धुराहबंधा, अकलतरा , कोसमंदा , धौराभाठा से होकर गुजरती है.

उपरोक्त उल्लेखित लाइन में नियमित रूप से विद्युत का प्रवाह दिनांक 29/06/2024 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है अत : आम जनता से अनुरोध है कि इस विद्युत लाइन के पास ना आवे टावर पर ना चढ़े तथा विद्युत लाइन में किसी प्रकार के छेड़छाड़ ना करें ऐसा करना या कराना जानलेवा साबित हो सकता है विद्युत लाइन से छेड़खानी एवं विद्युत लाइन को नुकसान पहुंचाना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है.

(नितेश अग्रवाल)
निदेशक
रियल इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
ग्राम बकुलाही धौराभाठा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदा बाजार

**शपथ पत्र**

मैं विष्णुप्रसाद साहू उम्र 31 वर्ष पिता रामचरण साहू ग्राम परसवानी पो.आ. देवसुन्द्रा थाना पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. का निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं:-

1. यह कि मेरा नाम स्कूल में विष्णुप्रसाद साहू पिता रामचरण साहू है। लेकिन मेरी माता-पिता ने एक नाम और गोवर्धन प्रसाद साहू रखा है। अब आगे चलकर मुझे दो नाम पर सरकारी कार्यों में दिक्कतें आ रही है।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासबुक, अन्य खेतीहर भूमि पर गोवर्धन प्रसाद के नाम उल्लेखित है। अब शपथ करता हूं कि मेरा नाम विष्णुप्रसाद के स्थान पर गोवर्धन नाम से जाना जाये।
3. यह कि दोनों नामों के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता विष्णु प्रसाद साहू पिता रामचरण साहू जाति तेली ग्राम परसवानी तहसील पलारी यह सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 03 तक की कथन सही एवं सत्य है। जिसे पढ़कर/सुनकर/समझकर पूर्ण होशहवास के साथ आज दिनांक 26/06/2024 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता

# बदले की भावना से सरकार निरपराधों को कर रही गिरफ्तार : शैलेष त्रिवेदी

## कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में प्रदेश सरकार पर लगाये आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि शांतिपूर्ण धरना एवं आंदोलन करना सभी नागरिकों का अधिकार है, लेकिन आंदोलन के नाम पर बलौदाबाजार में दस जून को शासकीय कार्यलयों में तोड़फोड़, आगजनी तथा वाहनों को जला दिये जाने वाली घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना के दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन बगैर अपराधी लोगों को नहीं फंसाया जाना चाहिए। उन्होंने घटना के लिए सरकार को दोषी बताते हुए कहा कि अमर गुफा वाली घटना के बाद संवेदनहीन रव्वैया अपनाये जाने तथा मामले में वास्तविक

### कई लोग उत्सुकतावश भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं

घटना दिवस धरना स्थल दशहरा मैदान में विधायक देवेन्द्र यादव के साथ सूर्यकांत वर्मा के बैठे दिखाई देने वाले फुटेज के बारे में श्री त्रिवेदी ने कहा कि धरना प्रदर्शन के दौरान हमेशा कुछ लोग उत्सुकतावश वहां पहुंचकर भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं, लेकिन इस तरह की घटना में हिस्सा बने लोगों का हाथ नहीं होता है। देवेन्द्र यादव को पूर्व में एनएसयुआई व युवा कांग्रेस का नेता होने के कारण ही सूर्यकांत वर्मा उनके साथ वहा चला गया था। श्री त्रिवेदी ने कहा कि उनके पास मौजूद सीसीटीवी फुटेज तथा कई गवाहों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सूर्यकांत वर्मा तोड़फोड़ व आगजनी की घटना शुरू होने के पहले ही वहां से चला गया था। वहीं पुलिस के पास सूर्यकांत वर्मा द्वारा तोड़फोड़, आगजनी करने यहां तक कि घटना के दौरान उसके वहां उपस्थित होने का कोई साक्ष्य नहीं है। सूर्यकांत वर्मा जैसे कपड़े पहने फुटेज में दिखाई देने वाले युवक को सूर्यकांत वर्मा मानकर गिरफ्तार किया गया है। यदि भीड़ में मौजूद रहने पर ही पुलिस द्वारा आरोपी बनाकर कार्रवाई की जा रही है तो आंदोलन स्थल पर मंच पर तथा भीड़ में मौजूद भाजपा से जुड़े लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई अभी तक क्यों नहीं की गई है।



### पुलिस तंत्र का हो रहा दुरुपयोग

श्री त्रिवेदी ने कहा कि राजनीतिक बदले की भावना से सरकार पुलिस तंत्र का उपयोग कर रही है। निरापराध सूर्यकांत वर्मा को मामले में गंभीर अपराध की धारा के तहत गिरफ्तार किया गया है, जबकि कांग्रेसजनों को पुलिस अधीकक्षक सहित मामले में जांच टीम द्वारा यह विश्वास दिलाया गया था कि किसी भी निरपराध पर कार्रवाई नहीं की जावेगी, लेकिन श्री वर्मा की गिरफ्तारी के बाद भयभीत कई लोग सामने आकर जांच में सहयोग करने के बजाय फरार हो जाने की जानकरी दी जो रही है।

दोषी की बजाय श्रमिकों को गिरफ्तार कर आरोपी बना दिया गया, जिसे समाज सही नहीं मानते हुए शुरू से विरोध करती आ रही है। श्री त्रिवेदी ने इतनी बड़ी घटना के लिए सूचना तंत्र की विफलता को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि रिर्जव फॉरेस्ट एरिया में स्थित अमर गुफा में देर रात लोग कैसे पहुंच गये। शासन प्रशासन को जांच के विषय में दशहरा मैदान में कई हजार लोगों की भीड़ इकट्ठी करने, उनके खाने का प्रबंध करने तथा विशाल पंडाल लगाने वालों की पहचान जैसी बातों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग में डिवायडर के ग्रिल में तोड़फोड़ शुरु होने के साथ समय रहते यदि ग्रीन कॉरीडोर बनाकर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हो जाती, तो इस घटना को रोका जा सकता था।

## खबर संक्षेप



### उमरदा स्कूल में छात्रों को बांटे गणवेश व पुस्तक

**महासमुंद**। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला उमरदा में नए सत्र के शुभारंभ दिवस पर प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जयसुधा हेमंत चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत उमरदा द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर बच्चों को शाला में प्रवेश कराया गया। शाला में अध्ययन समस्त बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं निःशुल्क गणेश का वितरण किया गया। इस मौके पर नेवता भोज का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच जयसुधा चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चंद्राकर, राम ध्रुव, प्रधान पाठक यादराम साहू, संकुल समन्वयक अनिल ढ़ीढी, शिक्षक भुनेश्वर साहू,शाला से प्रधान पाठक साक्षी साहू, पुरुषोत्तम ध्रुव एवं एसएमसी के सदस्य उपस्थित थे।

### निःशुल्क हृदय रोग कल

**महासमुंद**। स्थानीय बागबाहरा रोड सोहम हॉस्पिटल में 28 जून शुक्रवार को हृदय सम्बंधित जांच का आयोजन सुबह 11 से 1 बजे तक किया गया है। जिसमें ईसीएचओ एंड ईसीजी जांच निःशुल्क की जाएगी।

### ब्राम्हण समाज की वार्षिक आम सभा कल

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज की वार्षिक आम सभा 29 जून शनिवार को शाम 3 बजे ब्रम्ह निवास विप्र भवन भगवान परशुराम मार्ग में आहूत की गई है। समाज के अध्यक्ष होरीलाल पांडेय ने समाज के सभी सदस्यों एवं विप्र बंधुओं को आमंत्रित करते हुए कहा है कि आम सभा में समाज के पदाधिकारियों/कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होगा।

## निधन

### नारायण प्रसाद वर्मा



**पलारी**। पडकीडीह निवासी नारायण प्रसाद वर्मा 70 वर्ष का निधन हो गया। वे समाजिक कार्यकर्ता थे। अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते–रिश्तेदार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वे पोषण वर्मा, लखेश्वर वर्मा के पिता और गौरव वर्मा, ओम वर्मा के दादा थे।

## जनप्रतिनिधियों ने पुस्तक व गणवेश बांटे और बच्चों को नियमित स्कूल आने की समझाइश दी

# स्कूल में बच्चों को तिलक लगाकर खिलाई मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला गितकेरा में स्कूल प्रारम्भ के अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया जहां विद्यालय परिवार द्वारा उक्त अवसर पर न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को नियमित स्कूल आने कहा। साथ ही सभी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर उपस्थित सभी बच्चों को जनप्रतिनिधियों द्वारा पुस्तक व गणवेश का वितरण किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष चन्द्रकिरण वर्मा, शिक्षक बलकरण वर्मा, विजय कुमार साहू, मन्तराम वर्मा, मध्यान्ह भोजन समूह से लिलेश्वरी वर्मा, खिलेश्वरी ध्रुव, शशिबाई आदि उपस्थित रहे।



### नवप्रवेशी बच्चों को पेन व चाकलेट वितरित



**सिमगा**। नए शिक्षा सत्र का आगाज हो चुका है। शिक्षक और बच्चें नियमित शाला आ रहे हैं। शालाओं में प्रवेश उत्सव की धूम है। शिक्षकों द्वारा नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत अपने अपने ढंग से किया जा रहा है। इसी क्रम में सिमगा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में नवाचारी व सक्रिय शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा अपने शाला के नव प्रवेशित व नियमित बच्चों का स्वागत पेन में चाकलेट देकर किया गया। शिक्षकों ने बच्चों से नियमित रूप से शाला आने, व्यक्तिगत स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नियमित अन्तराल में नाखून काटने, बाल की साफ सफाई, शाला आने के समय सड़क नियमों का पालन करने, नियमित रूप से पढ़ाई व होम वर्क करने आदि के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठक पुष्पलता नायक, सहयोगी शिक्षिका लाभष जांगड़े, सफाई कर्मचारी गुलशन कोसले, रसोइया सरिता, संतोषी सेन और हेमिन यादव उपस्थित रहे।

### आदर्श स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

**सिमगा**। नगर के शासकीय आदर्श प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के तत्वावधान में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों ने पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का मुंह मीठा कर गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया तथा बच्चों को पुस्तक, गणवेश का वितरण किया गया। अतिथियों में सचिन जैन पूर्व पार्षद, दीनबंधु शर्मा पूर्व एल्डरमेन, पूर्व माध्यमिक शाला से शाला विकास समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पाटकर, प्राथमिक विभाग से शाला विकास समिति के अध्यक्ष चोला निषाद उपस्थित थे। दीनबंधु शर्मा ने छात्रों को खूब मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में दोनों संस्था प्रमुख एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



### छात्रों को पुस्तक वितरण कर मनाया गया प्रवेशोत्सव



**बगबुड़ा**। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लाहोद में प्रवेशोत्सव मनाया गया। अतिथि के रूप में महेंद्र कुमार डहरिया सरपंच, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हंसकुमार साहू उपसरपंच, विशिष्ट अतिथि के रूप में सोहनलाल साहू, ग्राम पंचायत लाहोद, प्राचार्य कौशिक मुनि त्रिपाठी, संस्था के सभी शिक्षकों के साथ विद्यार्थी एवं पालकगण की उपस्थिति रही। पिछले सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। प्राचार्य कौशिक मुनि त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को ध्यान लगाकर पढ़ना चाहिए तथा विद्यालय में सभी क्रियाकलापों में सहभागिता लेनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास पर जोर दिया और पिछले सत्र के जागरूक पालकगण को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सरपंच ने विद्यालय में प्रवेश उत्सव के इस अवसर पर न्योता भोज का भी आयोजन किया।

## प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शाला के बच्चों को दिया गया न्योता भोज



**खरोरा**। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बुडेरा में पंकज कुमार कुर्रे बुडेराके पंचायत के सरपंच द्वारा सभी बच्चों के लिए 500 नग केला व 500 बालुसायी परोसकर न्योता भोज का आगाज किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य, संस्था के सभी शिक्षक, मध्यान्ह भोजन रसोईया और पंच शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किये। इस अवसर पर संस्था प्रमुख केआर वर्मा द्वारा आभार धन्यवाद दिया गया। उक्त जानकारी महेन्द्र कुमार साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बुडेरा द्वारा दी गई।

### सशिमं में मना प्रवेशोत्सव

**खरोरा**। सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तरपोंगी में संयुक्त रूप से नव प्रवेशी बच्चों के साथ शाला प्रवेश धूमधाम से मनाया गया। सभी बच्चों का तिलक चंदन लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नव प्रवेशी बच्चों को सुशिक्षित, सुंस्कृत व अच्छे नागरिक बनने के लिए हवन कार्यकम हुआ। इस कार्यक्रम में शारदा समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कश्यप एवं कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल गिरि गोस्वामी एवं सदस्यगण उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाये। छात्रों ने प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों का निरंतर प्रगति एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस बीच बच्चों का मुंह मीठा कराकर शाला में प्रवेश दिलाया गया।



## बच्चों के स्वागत में परोसा न्योता भोज



**खरोरा**। विकासखंड तिल्दा अंतर्गत संकुल केंद्र पचरी के पूर्व माध्यमिक शाला आलेसूर में बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया। साथ ही साथ वरिष्ठ शिक्षक रामनाथ साहू के द्वारा नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वादिष्ट पकवानों के साथ विभिन्न व्यंजनों के लुफ्त उठाये। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू, युधिष्ठिर बुडेक व जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संकुल मीडिया प्रभारी धीरेंद्र वर्मा के द्वारा दी गई।

## छरछेद में मना शाला प्रवेश





**कसडोल**। समीपस्थ ग्राम छरछेद के पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज के अलावा पौधारोपण किया गया। इस दौरान नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल तथा मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरत दास मानिकपुरी, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्रीमती सुलचना कैवर्त्य, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक नंद कुमार साहू, शाला विकास समिति के पदाधिकारीगण सहित ग्रामवासी मौजूद रहें।

## बागबाहरा एसडीएम ने कसेकेरा स्कूल में छात्रों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस बागबाहरा के एसडीएम सृष्टि चंद्राकर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बागबाहरा फकीरचरण पटेल द्वारा संकुल कसेकेरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल कसेकेरा का निरीक्षण किया गया। शाला प्रारम्भ दिवस के अवसर पर एसडीएम ने विद्यालय की साफ-सफाई एवं शाला में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर प्रशंसा करते हुए कहा कि अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल वातावरण बच्चों को आकर्षित करता है। उन्होंने कक्षा की सजावट, आईसीटी रूम, एंड्रॉयड टीवी, कंप्यूटर, सीसीटीवी लाउडस्पीकर से शिक्षण के बारे में प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बालिका रेस्ट रूम, कार्यालय में लगे फ्लेक्स जानकारी को ध्यान से अवलोकन करते हुए 3 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी ली। पुस्तकालय, कबाड़ से जुगाड़, सोलर सिस्टम द्वारा संचालित यंत्रों की सराहना की। किचन गार्डन में बनाए गए लर्निंग स्टेशन में बैठकर बच्चों से चर्चा करते हुए पढ़ाई लिखाई की बात की। उन्होंने बच्चों के लिए सभागार बनाने का प्रस्ताव सीईओ जनपद को तैयार करने, समतलीकरण कर सुविधा प्रदान करने को कहा।




